## खबर संक्षेप

### सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक करें निराकरणः कलेक्टर

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतो का निराकरण संतुष्टिपूर्वक कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतो के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन के लंबित शिकायतो के निराकरण की स्थिति की जानकारी ली तथा निराकरण करने के निर्देश दिए।

### गांजा पौधा उगाने वाले आरोपी पर प्रकरण कायम



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ गांजा का पौधा उगाने वाले एक आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस को 03 अगस्त को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम भमरहा प्रथम में एक व्यक्ति ने अपने बाड़ी (किचन गार्डन) में गांजा का पौधा रोपित कर रखा है। सूचना की तस्दीक के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय के निर्देशन में टीम रवाना की गई। पुलिस मौके पर पहुंची तो वहां रामबोध साहू पिता बजरंगी साहू उम्र 50 वर्ष निवासी कटकाडीह भमरहा मौजूद मिला। पूछताछ और तलाशी के दौरान उसकी बाड़ी से गांजा का पौधा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 15,000 रुपये आंकी गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गांजा के पौधे को जप्त करते हुए प्रकरण को विवेचना में लिया है। उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी अरूण पाण्डेय के नेतृत्व में उप निरीक्षक मोहन पड़वार, प्रधान आरक्षक धुर्वेन्द्र सिंह,आरक्षक पंजाब सिंह, नरेंद्र उपाध्याय, महिला आरक्षक माधुरी साहू सहित अधीनस्थ स्टाफ की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान सतत रूप से जारी रहेगा, और इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### बेहतर सुविधाओं से युक्त है सांदीपनि विद्यालय जयसिंहनगर

**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर विकास खण्ड मुख्यालय के संदीपनि विद्यालय में गत वर्षों की अपेक्षा बेहतर परीक्षा परिणाम आए हैं। वहीं बात की जाए शैक्षणिक गुणवत्ता की तो प्राचार्य राजीव तिवारी की अगुवाई में छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। विगत कुछ वर्षों पहले जहां इस विद्यालय के परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं होने से अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त था। वहीं इस वर्ष बेहतर परीक्षा परिणाम आने से अभिभावकों एवं नगर वासियों की सांदिपनि विद्यालय के प्रति विचारधारा बदली है। सूत्रों के मुताबिक सत्र 2023-24 में कक्षा 10 वीं का वार्षिक परिणाम 24 प्रतिशत जबकि कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 41 प्रतिशत जो अपेक्षाकृत बहुत ही कम और निराशाजनक रहा। प्राचार्य राजीव तिवारी के अनुसार सत्र 2024-25 में कक्षा 10 वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत जबकि कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम 95.6 प्रतिशत रहा है। हाल ही में कुल 51 छात्र-छात्राओं को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा लेपटॉप हेतु 25-25 हजार रुपए की राशि प्रदान की गयी है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।



जनभावनाओं की जीत

कांपते बाणसागर पुल को लेकर जागी सरकार

# शरद की पहल पर सोन नदी पर बनेगा नया पुल

शहडोल-रीवा मार्ग को मिलेगी मजबूती

### सीएम ने नए पुल के निर्माण को दी सैद्धांतिक मंजूरी

**शहडोल/ब्यौहारी।** शहडोल और रीवा को जोडऩे वाला बाणसागर पुल अब अपने अंतिम दौर में है। भारी वाहनों के गुजरते ही यह पुल कांपने लगता है, जिससे राहगीरों की जान सांसत में पड़ जाती है। 39 साल पुराना यह पुल सोन नदी पर बना है और मध्यप्रदेश को उत्तरप्रदेश से भी जोड़ता है। इस पुल की जर्जर हालत को लेकर अब सरकार भी सक्रिय हो गई है। जिले के ब्यौहारी विधानसभा से भाजपा विधायक शरद कोल की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस पुल के स्थान पर नए पुल के निर्माण को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

दरअसल, बाणसागर पुल का निर्माण 1980 में शुरू हुआ था और 1986 में इसे पूरा किया गया था। गैमन इंडिया लिमिटेड द्वारा निर्मित इस पुल का लोकार्पण तत्कालीन मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा ने किया था। समय के साथ पुल की स्थिति बदतर होती गई। चार माह पहले पुल की स्थिति इतनी



खराब हो गई कि इसे दो महीने के लिए बंद करना पड़ा। मरम्मत के बाद दोबारा इसे चालू तो कर दिया गया, लेकिन अब भी पुल पर भारी वाहनों के गुजरते ही जोरदार कंपन होता है, जिससे इसकी हालत साफ झलकती है।

भाजपा विधायक शरद कोल ने इस मुद्दे को न केवल विधानसभा और मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया, बल्कि सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कर पुल की दयनीय स्थिति को उजागर किया। उन्होंने पुल को लेकर जनभावनाओं को समझते हुए मुख्यमंत्री से नया पुल बनाए जाने की मांग की।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तुरंत इस पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं कि जल्द ही स्थल का निरीक्षण कर नया एस्टीमेट और बजट तैयार किया जाए।

स्थानीय नागरिकों और दैनिक यात्रियों का कहना है कि पुल पर लगातार ओवरलोड रेत से भरे ट्रक गुजरते हैं, जिससे इसकी स्थिति और खराब होती जा रही है। सोन नदी से निकलने वाली रेत उत्तरप्रदेश तक इसी मार्ग से भेजी जाती है। यह पुल न केवल यातायात का महत्वपूर्ण साधन है, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका और आपातकालीन सेवाओं से भी जुड़ा हुआ है।

जनता की चिंता और विधायक की संवेदनशील पहल पर सरकार का यह निर्णय सराहनीय है। शहडोल जिले की जनता मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधायक शरद कोल का आभार प्रकट करती है कि उन्होंने इस गंभीर विषय को समझते हुए समय रहते बड़ा निर्णय लिया। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही स्थल चयन की प्रक्रिया पूरी कर, नए पुल के निर्माण की दिशा में कार्य प्रारंभ होगा और यह मार्ग फिर से सुरक्षित और मजबूत बनेगा।

जिला पंचायत सदस्य सड़कों पर उतरे, प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप

# बैठकों में नहीं सुनी जा रही जनता की आवाज, प्रस्तावों पर अमल नहीं: जनप्रतिनिधि

तीन साल से कार्यकाल, लेकिन समस्याएं जस की तस, पारदर्शिता और सम्मान की कर रहे मांग

**शहडोल।** जिला पंचायत में चल रहीं अनियमितताओं और प्रशासन की कथित उपेक्षा से नाराज जनप्रतिनिधियों का सब्र सोमवार को जवाब दे गया। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित 14 निर्वाचित सदस्यों ने जिला पंचायत की बैठक का बहिष्कार करते हुए कार्यालय के बाहर धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। सदस्यों का आरोप है कि प्रशासन उनके सुझावों और प्रस्तावों को गंभीरता से नहीं लेता और बैठकें भी नियमों के अनुसार नहीं हो रही हैं। जिला पंचायत की कार्यप्रणाली और प्रशासन की बेरुखी को लेकर शहडोल के 14 जिला पंचायत सदस्य सोमवार को सडक़ों पर उतर आए। अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा नंदू शर्मा, उपाध्यक्ष, और कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर कार्यवाही का बहिष्कार किया और जिला पंचायत कार्यालय के बाहर धरना दिया। विरोध कर रहे सदस्यों ने कहा कि पंचायत का गठन हुए तीन साल हो चुके हैं, लेकिन आज तक किसी प्रस्ताव पर गंभीरता से अमल नहीं हुआ है। बैठकें नियमों के अनुसार हर महीने होनी चाहिए, लेकिन तीन-चार महीने में एक बार ही बुलवाई जाती हैं, और उसमें भी एजेंडे की समस्याओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है। भाजपा नेता जगन्नाथ शर्मा ने कहा बैठकों में ग्रामीण क्षेत्र की ज़रूरी समस्याओं को उठाया गया, लेकिन आज तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। यदि चुने हुए जनप्रतिनिधियों की बात ही नहीं मानी जाएगी तो यह लोकतंत्र का अपमान है। धरना स्थल पर पुष्पेंद्र पटेल कांग्रेस ने कहा हमने हर बैठक में जल, सडक़, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को रखा, लेकिन प्रशासन सिर्फ खानापूर्ति करता है। जनता की आवाज को नजर अंदाज करना गलत है, इसलिए हमें सडक़ों पर उतरना पड़ा।

### बैठकों में पारदर्शिता की कमी और सूचना का अभाव

सदस्यों का कहना है कि न केवल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जाता, बल्कि कई बार उन्हें बैठकों की सूचना समय पर नहीं दी जाती। इससे सदस्यों की सक्रिय भागीदारी बाधित होती है और पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा नंदू शर्मा ने कहा मैंने कई बार सीईओ को पत्र लिखकर समस्याएं और प्रस्ताव भेजे, लेकिन अधिकारी न सुनते हैं, न अमल करते हैं। यह जनप्रतिनिधियों के साथ विश्वासघात है। दुर्गेश तिवारी भाजपा ने कहा सदस्यों को सिर्फ बैठक में बुलाना और उनकी बातों को अनसुना करना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक प्रशासन जवाबदेह नहीं होगा, हमारा विरोध जारी रहेगा।

### प्रदर्शन में ये सदस्य रहे शामिल

प्रमिला मिश्रा, दुर्गेश तिवारी, पुष्पेंद्र पटेल, पूर्णिमा नंदू शर्मा, गुर्जरत सिंह, अनु गौतम देवास, फूलस्वती सिंह, अमरावती सिंह, शांति मनमोहन चौधरी, मुन्नी सिंह, रेखा पासी, जगनारायण शर्मा, दीपक कोल और ललन सिंह सभी ने मिलकर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सौम्या आनंद, अतिरिक्त जिला पंचायत सीईओ मुद्रिका सिंह पटेल, पीएचई और जल संसाधन विभाग सहित कई विभागों के प्रमुख मौजूद थे। लेकिन जनप्रतिनिधियों के अनुसार, अधिकारी सिर्फ सुनते हैं, समाधान की दिशा में कदम नहीं उठाते।

### क्या प्रशासन अब लेगा संज्ञान?

यह विरोध अब सिर्फ एक नाराजगी नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक चेतना का संकेत है। चुने हुए जनप्रतिनिधियों की आवाज को यदि अनसुना किया गया तो यह स्थानीय शासन की पूरी व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस गंभीर संदेश को कैसे लेता है और आगे क्या कदम उठाता है।

### 3 साल में 7 सीईओ, विकास कार्य प्रभावित



पंचायती राज व्यवस्था की पहली और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाने वाली जिला पंचायत शहडोल में प्रशासनिक अनदेखी और अस्थिरता ने विकास कार्यों को बुरी तरह प्रभावित किया है। पिछले तीन वर्षों में शहडोल को 7 मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) मिले, और 9 बार प्रभार बदला गया। मुद्रिका सिंह पटेल को तीन बार प्रभारी सीईओ बनाया गया, जिससे स्थायित्व की कमी साफ नजर आई। हिमांशु चंद्रा ने जुलाई 2022 से अक्टूबर 2023 तक सबसे लंबा डेढ़ साल का कार्यकाल संभाला, लेकिन उसके बाद आए सभी सीईओ कुछ ही महीनों में बदलते रहे। हर नए सीईओ को कार्यभार संभालने और डीएससी चालू करने में ही 15 दिन लग जाते हैं, जिससे योजनाओं की गति बाधित होती रही। जिला पंचायत का यह हाल तब है जब इसके अंतर्गत जनपद और ग्राम पंचायतों के सभी विकास कार्य संचालित होते हैं। लगातार बदलते नेतृत्व के कारण न सिर्फ योजनाएं अधूरी रहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों की भी अनसुनी होती रही। सरकार द्वारा जिला पंचायत सीईओ की कुर्सी को स्थायित्व न देना ही प्रशासनिक विफलता का कारण बनता जा रहा है।




# रेलवे रनिंग स्टाफ की समस्याओं के समाधान हेतु शिकायत निवारण शिविर आयोजित

**शहडोल।** रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा शहडोल द्वारा 03 अगस्त को रेलवे रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु एक विशेष शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल महामंत्री पीतांबर लक्ष्मी नारायण एवं मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री के निर्देशानुसार आयोजित किया गया।शिविर में विशेष रूप से मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव उपस्थित रहे। शाखा सचिव बालकृष्ण बंगारी ने बताया कि यह पहल रनिंग स्टाफ की दिन-प्रतिदिन की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हर 15 दिन में विभिन्न विभागों के लिए इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जाएंग, ताकि कर्मचारियों की समस्याएं प्राथमिकता से सुनी और सुलझाई जा सकें।

### शिविर में उमड़ी कर्मचारियों की भीड़

रनिंग स्टाफ के लिए आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं लिखित में प्रस्तुत कीं। मजदूर कांग्रेस द्वारा इन समस्याओं को संकलित कर एक **पत्र के माध्यम से मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री को सौंपा जाएगा, जिससे उन्हें मंडल स्तरीय पीएनएम बैठक में उठाया जा सके।

### अगला शिविर इंजीनियरिंग व ब्रिज विभाग के लिए

शाखा सचिव ने बताया कि अगला शिविर इंजीनियरिंग विभाग के ट्रैक मेंटेनर, सीनियर सेक्शन इंजीनियर और ब्रिज विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य रेलवे के सभी विभागों में कार्यरत कर्मचारियों तक संगठन की सक्रिय उपस्थिति और सहयोग सुनिश्चित करना है।

### पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी

शिविर को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष प्रभाष कुमार, उपाध्यक्ष सी.एन. सिंह, कोषाध्यक्ष अनुप कुमार सोनटके एवं अन्य पदाधिकारी दीपक बक्ची, ओपी पांडे, राहुल कुमार, अंकित, मजहर खान आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# मछली पकड़ते समय युवक की नदी में डूबने से मौत

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के बिजौरी गांव में एक युवक की मुडऩा नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान शीतल सिंह पिता लल्लू सिंह उम्र 30 वर्ष के रूप में हुई है, जो मछली पकडऩे के लिए नदी किनारे गया था। घटना के बाद इलाके में शोक और आक्रोश दोनों व्याप्त हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शीतल सिंह गांव के पास सोन और मुडऩा नदी के संगम के पास मछली पकड़ रहा था। इसी दौरान नदी का जल स्तर अचानक बढ़ गया, जिससे वह अपना संतुलन खो बैठा और फिसलकर नदी के गहरे हिस्से में चला गया। प्रत्यक्षदर्शी न होने के कारण यह घटना देर तक सामने नहीं आ सकी। परिजन जब काफी देर तक उसकी वापसी न देख पाए, तब खोजबीन शुरू हुई और शव मुडऩा नदी में एक बड़े पत्थर में फंसा हुआ मिला।

पुलिस ने निकाला शव, जांच जारी सूचना मिलने पर सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पाण्डेय दल-बल सहित मौके पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। उन्होंने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। इस घटना के बाद मत्स्य विभाग की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 15 अगस्त तक मछली पकडऩा प्रतिबंधित होता है, फिर भी जगह-जगह लोग तालाबों और नदियों में मछली पकड़ते देखे जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि मत्स्य विभाग ने सख्ती से मॉनिटरिंग और कार्रवाई की होती, तो इस तरह के हादसे रोके जा सकते थे। हर वर्ष मानसून के दौरान नदियों और जलाशयों में जलस्तर अचानक बढ़ता है, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है, बावजूद इसके कोई निगरानी तंत्र सक्रिय नहीं दिखाई देता।

### जन जागरूकता और प्रशासनिक सतर्कता जरूरी

यह घटना न केवल एक मानवीय त्रासदी है, बल्कि यह प्रशासन और विभागीय समन्वय की कमी की ओर भी इशारा करती है। जरूरत है कि विभाग समय-समय पर गश्त, चेतावनी और कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि आमजन तक नियमों की जानकारी पहुंचे और ऐसी दर्दनाक घटनाओं से बचा जा सके।

# नकली पार्सल पूछकर की थी लूट



### पुलिस ने 72 घंटों में दबोचे तीन आरोपी और दो बाल अपचारी

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में डकैती की घटना को अंजाम देकर फरार हुए तीन आरोपियों और दो अपचारी बालकों को पुलिस ने 72 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर मामले का सफल खुलासा कर दिया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 3600 रुपये नगद, एक मोबाइल फोन और वारदात में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें भी बरामद की गई हैं। 2 अगस्त को थाना नौरोजाबाद में गौरव यादव निवासी वार्ड क्रमांक 09 थाना पाली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह मीशो कंपनी का पार्सल डिलीवरी कर्मचारी है। 31 जुलाई की शाम करीब 6 बजे जब वह कंचनपुर से भानपुरा की ओर जा रहा था, तभी घोरछठ नदी की पुलिया के पास पांच अज्ञात युवकों ने उसे पार्सल पूछने के बहाने रोका। इसके बाद उसे घेरकर चाकू दिखाया और उसकी जेब से 9002 रुपये नगद, एक मोबाइल और 70 पार्सल पैकेट लूट लिए। कुल मसरूका की कीमत करीब 46,000 आंकी गई। घटना के दौरान आरोपी आपस में एक-दूसरे के नाम लेकर बात कर रहे थे और उनके पास चाकू, लोहे की रॉड और बेसबॉल बैट जैसी चीजें थीं। डरे सहमे गौरव ने अगले दिन अपने मैनेजर को सूचना दी और फिर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

### कप्तान ने लिया संज्ञान

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पाली ने तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी नौरोजाबाद को आरोपियों की पहचान और मसरूका की बरामदगी के निर्देश दिए। थाना प्रभारी द्वारा विशेष पुलिस टीम गठित की गई, जिसने फरियादी से प्राप्त विवरण के आधार पर मुखबिरों को सक्रिय किया और आरोपियों के हुलिए एवं मोटरसाइकिल के आधार पर आसपास के गांवों में गहन पूछताछ शुरू की।

### तीन आरोपी और दो नाबालिग पकड़े गए

लगातार प्रयासों और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने इस डकैती में शामिल तीन आरोपियों और दो अपचारी बालकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में वारिस उर्फ एडी पिता सरवर हुसैन उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15 धनपुरी, जिला शहडोल, साजिद रजा उर्फ वेटू पिता निराजुद्दीन उम्र 27 वर्ष निवासी कंचनपुर, जाकिर हुसैन पिता मो. करीम हुसैन उम्र 27 वर्ष निवासी कंचनपुर, जिला उमरिया के साथ ही दो अपचारी बालकों को भी हिरासत में लिया गया है, जिनकी पहचान गोपनीय रखी गई है।

### बरामद हुआ मसरूका

गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने लूट में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल, 3600 रुपये नगद और एक मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। हालांकि अधिकांश पार्सल पैकेट और बाकी नकद अब भी बरामद नहीं हो सके हैं, जिसके लिए पुलिस की टीमें अब भी प्रयासरत हैं। थाना प्रभारी नौरोजाबाद के अनुसार गिरफ्तारी के साथ ही इस मामले में एक बड़ी सफलता मिली है, परंतु अभी शेष लूटे गए मसरूका की बरामदगी और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश जारी है। जल्द ही पूरे मसरूका की बरामदगी की जाएगी।

### नौजवानों की बढ़ती अपराधी मानसिकता चिंताजनक

इस घटना में दो अपचारी बालकों की संलिप्तता यह दर्शाती है कि किस तरह कम उम्र में ही युवा अपराध की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह समाज के लिए एक चिंताजनक संकेत है, जिसमें अभिभावकों, समाजसेवियों और प्रशासन को मिलकर पहल करनी होगी। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया जाए या चोरी/लूट जैसी वारदात की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस प्रशासन हर स्थिति में तत्पर है।

# अमलाई में श्रावण मास पर शिव-पार्वती के दिव्य स्वरूप के दर्शन

### श्रद्धालुओं में उमड़ा आस्था का सैलाब

**अमलाई।** श्रावण मास चतुर्थ सोमवार के पावन अवसर पर अमलाई स्थित बस स्टैंड के शिव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में शिव-पार्वती के अलौकिक, अद्भुत एवं दिव्य स्वरूप का भव्य प्रदर्शन किया गया है, जो भक्तों के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव बन गया है। 4 अगस्त से 9 अगस्त तक भक्त महादेव के महाकाल स्वरूप के दर्शन कर सकते हैं। इस विशेष अवसर के लिए मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों, पारंपरिक श्रृंगार सामग्री और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था से भव्य रूप में सजाया गया है।शिवलिंग को महाकाल स्वरूप में विशेष रूप से श्रृंगारित किया गया है, जिसमें चंद्रशेखर का तिलक, त्रिपुंड चिन्ह और दिव्य नेत्र सभी की आस्था का केंद्र बने हुए हैं।भक्तों की जुबां पर हर हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयघोष लगातार गूंज रहे हैं, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा है।स्थानीय श्रद्धालुओं ने बताया कि यहां ऐसा अद्भुत और दिव्य स्वरूप उन्होंने अपने जीवन में पहली बार देखा है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित आकर उज्जैन महाकाल स्वरूप का दर्शन लाभ अमलाई मंदिर में प्राप्त करें और महादेव के आशीर्वाद से अपने जीवन को धन्य बनाएं।



## खबर संक्षेप

### अकादमिक समीक्षा एवं नवाचार हेतु कार्यशाला आज

**उमरिया।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उमरिया में 5 अगस्त को दोपहर 1 बजे से अकादमिक स्थिति की समीक्षा एवं गुणवत्ता कार्यशाला का आयोजन किया गया है । कार्यशाला में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह व्दारा मार्गदर्शन दिया जाएगा । कार्यशाला में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है ।

### पालतू पशुओं को सडक़ों पर नहीं छोड़े, अन्यथा लगेगा अर्थदंड

**उमरिया।** मुख्य नगर पालिका ने कहा है कि प्रायः यह देखने में आ रहा है कि पशु मालिकों द्वारा अपने पालतू पशुओं को आवारा खुला छोड़ दिया जाता है, जो नगर के मुख्य मार्गों, चौराहों में जमघट लगाकर बैठे रहते है । जिससे आए दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है तथा आवागमन में भी असुविधा होती है। उन्होंने पशु मालिकों से कहा है कि अपने पालतू पशुओं क सडक़ों पर न छोड़े । अन्यथा की स्थिति में पशुओं के आवारा पाए जाने पर मध्यप्रदेश राजपत्र असाधारण प्राधिकार से प्रकाशित मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 (क्रमांक 37 सन्‌ 1961) संशोधन में धारा 254 के तहत जो कोई भी जानबूझकर अथवा उपेक्षा पूर्वक किसी मवेशी अथवा अन्य पशु को, सार्वजनिक सडक़ अथवा स्थान पर खुला छोड़ता है अथवा बांधता है, जिसके कारण किसी भी व्यक्ति को क्षति होती है या संपत्ति को नुकसान होता है या लोक यातायात को बाधा पहुँचती है या संकटापन्न होता है या लोक न्यूसेंस कारित होता है,तो ऐसे पशु मालिकों को 1000 रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया जावेगा जिसकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी पशु मालिकों की होगी ।

48 घंटे में उमरिया पुलिस ने 5 गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल खोज निकाला

# ऑपरेशन मुस्कान ला रहा उम्मीद की रौशनी

### महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश समेत अन्य जिलों से बालिकाएं हुईं बरामद

**उमरिया।** जिले की पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के अंतर्गत एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बीते 48 घंटों में 5 गुमशुदा बालिकाओं को सकुशल बरामद कर उनके परिवारों की गोद भर दी है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम के निर्देशों पर की गई, जिसमें समस्त थाना प्रभारियों को गुमशुदा बच्चों की दस्तयाबी के लिए संवेदनशील एवं गंभीर रवैया अपनाने के निर्देश दिए गए थे।

### सक्रिय निगरानी और टीमवर्क से मिली सफलता

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में लगातार गुमशुदगी के मामलों की समीक्षा की जा रही थी। इसके तहत थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि गुमशुदा बच्चों की खोज के लिए मानक प्रक्रिया के तहत तत्काल कार्यवाही हो। पुलिस टीमों ने



अथक प्रयास कर 5 बालिकाओं को प्रदेश के भीतर एवं बाहर से दस्तयाब किया।

### इन थाना क्षेत्र को मिली सफलता

थाना नौरोजाबाद द्वारा 1 बालिका कोतवाली उमरिया द्वारा 2 बालिकाएं थाना चंदिया द्वारा 1 बालिकाचौकी अमरपुर, थाना इंदवार द्वारा 1 बालिका

इन सभी मामलों में पुलिस टीमों ने समय बर्बाद किए बिना आवश्यक जानकारी जुटाई और अलग-अलग टीमों को तुरंत रवाना किया। इससे



उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के अन्य जिलों से बालिकाओं को सकुशल बरामद करने में सफलता मिली।

### मां-बाप की आंखों में लौटे आंसू

गुमशुदा बालिकाओं की वापसी पर उनके परिवारों ने उमरिया पुलिस का आभार जताया। किसी की बेटी एक साल पहले गुम हुई थी, तो कोई हाल ही में लापता हुई थी, लेकिन अब सभी सुरक्षित लौट आई हैं। पुलिस के लिए यह सिर्फ एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि भावनात्मक सफलता भी रही, जिसने




परिजनों के चेहरों पर मुस्कान वापस ला दी।

### केवल नाम नहीं, भरोसे की गारंटी

'ऑपरेशन मुस्कान' भारत सरकार और राज्य पुलिस की संयुक्त पहल है, जिसके तहत लापता बच्चों को खोजकर उनके घर वापस पहुंचाने का अभियान चलाया जाता है। उमरिया जिले में यह अभियान न सिर्फ कागजों में, बल्कि धरातल पर भी परिणाम दे रहा है। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कहा कि महिला एवं बाल अपराधों को लेकर हम जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रहे हैं। ऑपरेशन मुस्कान में प्राप्त सफलता हमारी टीमवर्क, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिणाम है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम ने कहा कि हर बच्चा सुरक्षित अपने घर लौटे, यह हमारा संकल्प है। आने वाले समय में भी इस दिशा में कार्रवाई जारी रहेगी।

### समाज की भूमिका भी अहम

पुलिस अधिकारियों ने आमजन से भी अपील की है कि यदि उन्हें कोई लावारिस, घबराया या लापता बच्चा दिखे, तो तुरंत नजदीकी थाने को सूचित करें। समाज और पुलिस मिलकर ही एक सुरक्षित वातावरण बना सकते हैं, जहां कोई बच्चा खोए नहीं और खो जाए तो जल्द मिले। उमरिया पुलिस की यह कार्यवाही न केवल कानून व्यवस्था की दृढ़ता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि जब संवेदनशीलता के साथ प्रशासनिक मशीनरी कार्य करती है, तो असंभव भी संभव हो जाता है। ऑपरेशन मुस्कान के जरिए न सिर्फ बालिकाएं लौटीं, बल्कि परिवारों का टूटा भरोसा भी फिर से जाग उठा।

## नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**उमरिया।** जिले के पाली थाना क्षेत्र में पड़ोसी द्वारा एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। इस अमानवीय कृत्य के बाद क्षेत्र में गहरा आक्रोश है और लोगों ने आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। मामले की जानकारी तब सामने आई जब पीड़िता की मां ने पाली थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह खेत में धान की रोपाई के लिए गई थीं, जबकि उनके पति मवेशियों को चराने गए थे। इस दौरान घर में उनकी नाबालिग बेटी अकेली थी। इसी मौके का फायदा उठाकर पड़ोसी युवक घर में घुस आया। आरोपी ने पहले बच्ची से उसकी मां के बारे में पूछताछ की और फिर 50 रुपये का लालच देकर उसे फुसलाने की कोशिश की, लेकिन जब बच्ची ने पैसे लेने से इनकार किया, तो उसने जबरन दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद वह मौके से फरार हो गया।

### रोती हुई बच्ची ने सुनाई आपबीती

शाम को जब बच्ची की मां खेत में काम कर रही थी, तब पीड़िता वहां रोती हुई पहुंची और पूरी घटना की जानकारी दी। यह सुनकर मां के पैरों तले ज़मीन खिसक गई। उन्होंने तुरंत अपने पति को सूचित किया और अगले ही दिन बच्ची को लेकर पाली थाने पहुंचीं। पाली थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया और पूछताछ शुरू की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है और उसके बयान के आधार पर विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए।सीएम हेल्पलाइन की कोई भी शिकायत अनअटेंडेड नही रहे । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें।उन्होने कहा कि शिकायतों का निराकरण करने के बाद उसका रिपोर्ट प्रतिदिन भिजवाना सुनिश्चित करें । उन्होने कहा कि नगरीय निकायों में हो रहे अतिक्रमण पर सख्त कार्यवाही की जाए । अतिवृष्टि के कारण जो नुकसान हुआ है उसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए ।

जिला अधिकारी छात्रावासों, आश्रमों का निरीक्षण करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जिन अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्युटी अनुसूचित जाति, जन जाति छात्रावास, आश्रमो की स्थिति एवं व्यवस्था के निरीक्षण के लिए लगाई गई है वे निरीक्षण करते हुए निरीक्षण प्रतिवेदन माह की 10 तारीख तक निर्धारित प्रपत्र के साथ उपलब्ध कराए।

## विभिन्न मांगों को लेकर प्रतिनिधि मण्डल ने मंत्री से की मुलाकात



समस्याओं के निदान का मंत्री ने दिया भरोसा

**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) के वार्ड नंबर 15 भलमुडी में स्थित नवीन महाविद्यालय भवन व हायर सेकेंडरी स्कूल नवीन भवन का दिलीप जायसवाल कुटीर एवं ग्रामोद्योग, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के लोकार्पण पश्चात कक्षाएँ नियमित रूप से संचालित कराई जा रही है। भारतीय जनता पार्टी मंडल राजनगर के पदाधिकारियो ने रविवार को मंत्री के निवास पर मुलाकात की। इस दौरान बताया गया कि राजनगर के शासकीय महाविद्यालय व हायर सेकेंडरी स्कूल में रामनगर, डोला, पौराधार, राजनगर व अन्य क्षेत्रों के विद्यार्थी अध्यनरत है। वर्तमान में स्कूल बस छात्रों को लेकर पुराने हायर सेकेण्ड्री राजनगर बस स्टैंड तक ही आती है। नये भवन से पुराने भवन कि दूरी 6 किमी पर स्थित है। इस स्थान तक आवागमन हेतु कोई स्थानीय सुविधा न होने के कारण छात्र एवं छात्राओं को पैदल ही महाविद्यालय व हायर सेकेंडरी स्कूल तक पहुंचने में कठिनाईयो को सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय व हाई स्कूल पहुंच मार्ग में जंगल होने के कारण छात्रों के साथ कभी कोई अप्रिय घटना घटित न हो। इस विषय को मंत्री एवं क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसईसीएल हसदेव क्षेत्र के संज्ञान में लाकर नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं महाविद्यालय, तक स्कूल बस की व्यवस्था की मांग की है। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की पदस्थापना अस्थाई रूप से हुई है। अन्य डॉक्टर, ड्रेसर और डाटा इंट्री आपरेटर इन सभी की पदस्थापना अति आवश्यक है। साथ ही 108 एम्बूलेंस वाहन की कमी की वजह से प्रसूति के समय माताओं को लाने ले जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यह सभी सुविधा हो जाने से सरकार द्वारा प्रदाय की जाने वाली समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ क्षेत्र के नागरिको को मिल सकेगा। सबसे प्रमुख मांग शांतिनगर से नवीन महाविद्यालय, नवीन हायर सेकेंडरी स्कूल भवन, नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंच मार्ग की स्वीकृति मंत्री के माध्यम से करायी गयी है। जिसे जल्द से जल्द क्षेत्र को समर्पित कर विद्यार्थियों व आम जनमानस को होने वाली समस्या से निजात दिलाया जा सके। स्थानीय भाजपा जन प्रतिनिधियों में प्रेमचंद यादव वरिष्ठ भाजपा नेता, गजेंद्र सिंह सिकरवार, धर्मेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा, कमलेश चतुर्वेदी मंडल अध्यक्ष, यशवंत सिंह नगर परिषद अध्यक्ष बनगवां (राजनगर) पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश कलसा, सुरेश गौतम, राजेंद्र त्रिपाठी, सुनीता सिंह महिला मोर्चा, सचिन द्विवेदी युवा मोर्चा मंडल महामंत्री, अरविंद सिंह, सुनील गुप्ता के द्वारा इन प्रमुख मांगों को मंत्री के समक्ष रखा है। जिस पर मंत्री द्वारा सभी कार्यों को अतिशीघ्र करने को कहा गया है।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई । बैठक में बताया गया कि 9 अगस्त को रक्षाबंधन, 10 अगस्त को कजलियां पर्व तथा 16 अगस्त 2025 को जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाना है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि ईई एमपीईबी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी संयुक्त रूप से नगर का भ्रमण कर सुधारने योग्य ट्रांसफार्मर, विद्युत लाईन का कार्य अविलंब प्रारंभ कर दें ताकि प्रकाश व्यवस्था निरंतर रूप से जारी रहे । उन्होने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए । दूसरे दिन मनाये जाने वाले कजलिया पर्व पर खलेसर घाट , बहरा धाम में आयोजित होने वाले मेला स्थल की साफ सफाई , प्रकाश व्यवस्था, घाट पर सुरक्षा हेतु पुलिस बल, गोताखोर ,ज्वालामुखी घाट एवं बहरा घाट में साफ सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था पर चर्चा की गई । बैठक में बताया गया कि कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व 16 अगस्त को मनाया जाएगा। इस अवसर पर ताला बांधवगढ़ में बांधवाधीश के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रध्दालुगण पहुंचेगे । कलेक्टर ने कहा कि श्रध्दालुओ की संख्या को देखते हुए वाहनो के आवागमन को न्यूनतम किया जाए । प्रमुख मार्गो से आने वाली बसो के लिए लगभग एक किमी दूर स्थित खुले में पार्किंग स्थलों का चयन किया जाए। उन्होंने बताया कि जन्माष्टामी पर्व पर रास्ते का निर्धारण बांधवगढ टाईगर रिजर्व व्दारा किया जाएगा । बांधवाधीश के दर्शन हेतु प्रातः 11.30 बजे तक प्रवेश दिया जाएगा । गोद मे बच्चे वाली महिलाओं, वृद्धों के लिए प्रवेश वर्जित रहेगा। मेडिकल टीम व्दारा स्क्रीनिंग की जाए। प्लास्टिक की बोतले , पैकेट्स पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा । उन्होने मटकी फोड़ का आयोजन कराने वाली समितियो से कहा है कि मटकी फोड़ आयोजन के पूर्व शासन से अनुमति आवश्यक रूप से प्राप्त करे। कानून व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार समस्त अपने अपने क्षेत्र में शांति समिति की बैठक आयोजित कर शांति व्यवस्था बनाये रखेगे।जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने अपने अपने सुझाव भी दिए। बैठक में वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, शांति समिति के सदस्य अजय सिंह, राजेश शर्मा, त्रिभुवन प्रताप सिंह,राकेश प्रताप सिंह, पुष्पराज सिंह, धनुषधारी सिंह, मेंहदी हसन, असलम शेर, मो0 नईम सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

## जनजातीय समुदायों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था संगोष्ठी का उद्देश्य

### दो दिवसीय जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न

**हरिभूमि न्यूज राजेन्द्रग्राम।** जनजातीय समुदायों के इतिहास, संस्कृति और उनके योगदान से विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को परिचित करावाने के लिए इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में दो दिवसीय जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी संपन्न हुआ। अंग्रेजी विभाग एवं आईसीएसएसआर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित उक्त संगोष्ठी कार्यक्रम में दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ एवं पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्यों से राष्ट्रीय स्तर के वक्तागण शामिल हुए जिन्होंने विभिन्न विषयों पर अपनी बातें रखी। इस संगोष्ठी में इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वाविद्यालय अमरकंटक, मध्य प्रदेश के अंग्रेजी और विदेशी भाषा विभाग के विभागध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सोनकर विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित रहे। संगोष्ठी के संयोजक डॉ कौस्तुभ रंजन ने स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र और संगोष्ठी की किट देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में




कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय समुदाय की भूमिका जानने के लिए इस समुदाय की मौखिक परंपराओं को समझना जरूरी है क्योंकि इतिहासकारों और अंग्रेजी विद्वानों ने जनजातीय समुदाय के गौरवशाली इतिहास को सही तरीके से प्रस्तुत नहीं किया है। साथ ही छत्तीसगढ़ के भूमकाल आंदोलन और मध्य प्रदेश के भील आंदोलन, गोंड आंदोलन एवं जंगल सत्याग्रह पर बात रखते हुए शहीद गुंडाधुर, राजा शंकर शाह, कुंवर रघुनाथ शाह, भीमा नायक, ख़्वाजा नायक, टंट्या भील, जनजातीय जैसे अमर शहीदों के बारे विस्तृत रूप से बताया। डॉ सोनकर ने हरि राम मीणा की पुस्तक "धूणी तपे तीर" का जिक्र करते हुए मानगढ़ शहादत और गोविन्द गिरी के आंदोलन पर भी प्रकाश डाला। साथ में जामिया मिलिया इस्लामिया से पधारे डॉ सत्य प्रकाश प्रसाद और छत्तीसगढ़ के प्रोफेसर चितरंजन कर भी मंचसीन रहे और औपनिवेशिक ताकतों के विरुद्ध जनजातीय समाज का स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर अपने विचार साझा किये। जनजातीय विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और विदेशी भाषा विभाग के शोधार्थी शुश्रुत रंजन पटनायक और रविन्द्र कुमार साकेत ने भी अपने शोध पत्रों का वाचन किया। दो दिवसीय जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.डॉ. मनीष श्रीवास्तव अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति महोदया प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने की।

### संगोष्ठी का यह था मुख्य उद्देश्य

संगोष्ठी का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना है, जिसमें जनजातीय समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके हितों को बढ़ावा देना है। संस्कृति और इतिहास का संरक्षणः संगोष्ठी में जनजातीय समुदायों की संस्कृति और इतिहास को संरक्षित करने के तरीकों पर चर्चा की गई। जनजातीय समुदायों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके योगदान को याद करना रहा है। दो दिवसीय संगोष्ठी का लाभ उठाने विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण, विभाग अध्यक्षगण, विभाग प्रमुखगण, प्राध्यापकगण, अतिथि व्याख्यातागण, संगीतकारगण सहित विद्यार्थी एवं शोधार्थीगण उपस्थित रहे। संगोष्ठी का समापन संयोजक डॉ कौस्तुभ रंजन, सहायक प्राध्यापक के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## प्रतिष्ठा ने राज्य स्तरीय लाठी प्रतियोगिता में रचा इतिहास

### दो स्वर्ण पदकों के साथ संभाग का बढ़ाया मान



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 2 अगस्त को उज्जैन के क्षीर सागर स्टेडियम में आयोजित तीसरी मध्यप्रदेश राज्य परंपरागत लाठी खेल प्रतियोगिता में अनूपपुर जिले की बाल प्रतिभा प्रतिष्ठा गौतम पुत्री आशीर्वाद मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर 8 वर्ग की एक लाठी चाल एवं दो लाठी चाल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे संभाग का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया। प्रतिष्ठा' जैसा नाम, वैसा ही कार्य। सम्मान, यश और सामाजिक पहचान का अर्थ लिए यह नाम, अब मध्यप्रदेश की खेल दुनिया में भी अपनी गूंज छोड़ गया है। बरगवां अमलाई नगर परिषद् की इस नन्हीं खिलाड़ी ने न सिर्फ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, बल्कि अपने बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर स्थान सुनिश्चित कर लिया है। इस उपलब्धि का श्रेय जाता है उनके मार्गदर्शक अगमदीप को, जो स्वयं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाठी खेल चुके हैं। उनके कुशल प्रशिक्षण और प्रेरणा ने प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई तक पहुँचाया है। प्रतिष्ठा की सफलता पारंपरिक भारतीय खेलों में बेटियों की भागीदारी और प्रभाव को सशक्त करती है। वह आज क्षेत्र की बेटियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गई हैं। इस गौरवपूर्ण क्षण पर प्रतिष्ठा के पिता आशीर्वाद मिश्रा, चाचा अनुरोध मिश्रा (भा.रे.से.) दादा रामचरित्र मिश्रा (प्रधानाध्यापक, संजयनगर) और रामलखन मिश्रा (प्रधानाध्यापक, देवहरा) सहित परिवारजनों एवं नगरवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए बेटी की इस उपलब्धि पर गौरव और हर्ष व्यक्त किया।

### सड़कों पर मवेशियों का झुंड, हर समय दुर्घटना की आशंका



**कोतमा।** नगर पालिका कोतमा के गली मोहल्ले की सड़कों में आवारा मवेशियों के सड़कों पर विचरण करने एवं बीच सड़क पर गाय बैल बछड़े के झुंड बैठे नजर आते हैं जिसके कारण वाहन चालकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। कई दुर्घटनाएं मवेशियों के सड़क में बैठने की वजह से होती हैं राष्ट्रीय राजमार्ग हाइवे में आये दिन ऐसी घटनाएं आये दिन हो रही है। जिसके कारण जान तक वाहन चालकों को गवाना पड़ता है। आवारा मवेशियों के नगर एवं राष्ट्रीय राजमार्ग में खुले आम जगह जगह झुंड बनाकर विचरण करने से हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष कोतमा अमन सिंह परिहार ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्राचार करते हुए कहा है कि नगर की सड़कों एवं गलियों मे विचरण कर रहे आवारा मवेशियों को हांका लगवाते हुए पकड़वा कर गौशाला भेजने की कार्यवाही की जाये जिससे सड़क दुर्घटना को रोका जा सके।

## अमलाई में श्रावण मास पर शिव-पार्वती के दिव्य स्वरूप के दर्शन



**अनूपपुर।** श्रावण मास चतुर्थ सोमवार के पावन अवसर पर अमलाई स्थित बस स्टैंड के शिव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर में शिव पार्वती के अलौकिक, अद्भुत एवं दिव्य स्वरूप का भव्य प्रदर्शन किया गया है, जो भक्तों के लिए एक विशेष आध्यात्मिक अनुभव बन गया है। 4 अगस्त से 9 अगस्त तक भक्त महादेव के महाकाल स्वरूप के दर्शन कर सकते हैं। इस विशेष अवसर के लिए मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों, पारंपरिक श्रृंगार सामग्री और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था से भव्य रूप में सजाया गया है। शिवलिंग को महाकाल स्वरूप में विशेष रूप से श्रृंगारित किया गया है, जिसमें चंद्रशेखर का तिलक, त्रिपुंड चिन्ह और दिव्य नेत्र सभी की आस्था का केंद्र बने हुए हैं। भक्तों की जुबां पर "हर हर महादेव" और ॐ नमः शिवाय के जयघोष लगातार गूंज रहे हैं, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो उठा है। स्थानीय श्रद्धालुओं ने बताया कि यहां ऐसा अद्भुत और दिव्य स्वरूप उन्होंने अपने जीवन में पहली बार देखा है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित आकर उज्जैन महाकाल स्वरूप का दर्शन लाभ अमलाई मंदिर में प्राप्त करें और महादेव के आशीर्वाद से अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ दो पहिया वाहन चालक

**कोतमा।** रविवार की दोपहर फुनगा से धूम्मा जा रहे हैं दो पहिया वाहन के अनियंत्रित होकर दुर्घटना हो जाने का मामला सामने आया है। हादसे की सूचना चौकी प्रभारी अनुराग अवस्थी को मिलने पर उनके द्वारा मानवता दिखाते हुए घटना स्थल पहुंच दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुनगा में भर्ती कराकर उपचार कराया गया। घायल प्रीतम सिंह की हालत गंभीर होने एवं पांव में फैक्चर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर होने पर अनूपपुर भेजवाने की व्यस्था कराई गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि प्रीतम सिंह 37 दोपहिया वाहन में कुंवर सिंह 60 बर्ष के साथ अपने घर आ रहा था जिस दौरान कदम टोला के पास वाहन अनियंत्रित होकर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना में दोनों घायलों को चोट आई। आसपास के राहगीरों द्वारा तत्काल सूचना चौकी में दी इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल पहुंच अपने वाहन से स्वास्थ्य केंद्र लाकर उपचार कराया गया।



## खबर संक्षेप



### ताम्रकार महिला मंडल ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

**शहडोल।** भारतीय परंपरा और नारी शक्ति के अद्भुत संगम का प्रतीक हरियाली तीज उत्सव का आयोजन ताम्रकार महिला मंडल द्वारा बड़े उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ किया गया। सावन की अमावस्या के बाद आयोजित यह उत्सव न केवल सामूहिक उत्सवधर्मिता का परिचायक रहा, बल्कि महिलाओं की कलात्मक प्रतिभाओं और सामाजिक सहभागिता का सजीव उदाहरण भी बना। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक भजनों के साथ की गई, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक नृत्य और रोमांचक गतिविधिया आयोजित की गईं, जिनमें महिला सदस्यों ने पूरे उत्साह से भाग लिया।

**रेखा बनीं 'हरियाली क्वीन'**

कार्यक्रम के सबसे आकर्षक लकी गेम में रेखा ताम्रकार ने शानदार प्रदर्शन कर 'हरियाली क्वीन' का खिताब अपने नाम किया। आयोजन में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस भव्य आयोजन में ताम्रकार समाज की दर्जनों महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुधा ताम्रकार, गीता, राधा, रेखा, प्रीति, मानसी, सोनल, अनिशा, शिवांगी, सुषमा, विमला, वर्षा, राखी, सोनकिरण, मंजरी, पूनम, सपना, प्रभा, संगीता, आशा, शीतल, आरती, रेखा द्वारिका, रेखा डेलू, निधि, प्रेमा, शिवानी, बबली, लता, रानू, विद्या, दिशा, पुष्पा, सुनीता, ज्योति, लक्ष्मी, प्रियम, अंकिता, सोनाली ताम्रकार सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

**संस्कृति और समाज का अनूठा संगम**

ताम्रकार महिला मंडल का यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणास्पद कदम माना जा रहा है। समाज की महिलाओं ने न केवल अपनी सृजनात्मकता और संगठन क्षमता का प्रदर्शन किया, बल्कि सामाजिक सौहाद्र्र और एकता का भी संदेश दिया।

### जिला एवं सत्र न्यायालय के अधीनस्थ पदस्थ अनुसचिवीय कर्मचारियों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**शहडोल।** माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं मध्य राज्य न्यायिक अकादमी, जबलपुर के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय, शहडोल के अधीनस्थ पदस्थ अनुसचिवीय कर्मचारियो का 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल के सभागार में आयोजित किया गया। प्रषिक्षण कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शहडोल काशीनाथ सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण से नए कर्मचारियो को शासकीय प्रक्रियाओं और प्रणाली का ज्ञान होता है, पुराने कर्मचारियों को नियमों का प्रत्याह्वान होता है तथा यदि नियमों और प्रक्रियाओं में कोई संशोधन होता है तो उसकी जानकारी भी हो जाती है। प्रशिक्षण के उद्देश्य तभी प्राप्त किये जा सकते है, जब प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षण में सीखे गए ज्ञान को अपने नियमित कामकाज में प्रयोग अनिवार्य रूप से करें। श्री सिंह ने कहा कि विश्वास है कि प्रशिक्षण में प्राप्त किए गए ज्ञान को, प्रशिक्षणार्थी कर्मचारियों द्वारा अपने सहयोगी कर्मचारियों का अवगत करायेंगे। उक्त प्रशिक्षण में कर्मचारियों को म.प्र. नियम तथा आदेश आपराधिक, व्यवहार न्यायालय अधिनियम के विभिन्न अध्यायों, नजारत, प्रतिलिपि, सांख्यिकी, कार्यालय, मालखाना अनुभाग से संबंधित नियमों की सीख दी गई। साथ ही कर्मचारीगण को सीआईएस, एन-स्टेप तथा कम्प्यूटर प्रणाली के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश शहडोल सुभाष सोलंकी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश शहडोल कमलेश कुमाल कोल, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश शहडोल के.पी. सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शहडोल राजेन्द्र सिंह सिंगार सहित अन्य न्यायाधीश उपस्थित थें। प्रशिक्षण 1 अगस्त से 3 अगस्त 2025 तक आयोजित की गई थी। प्रशिक्षण में जिला न्यायालय, शहडोल सहित, व्यवहार न्यायालय, बुढ़ार, ब्यौहारी, जयसिंहनगर में पदस्थ 43 अनुसचिवीय कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।



### मां ज्वालामुखी मंदिर से लखवारिया धाम तक गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

# सावन के अंतिम सोमवार पर शिवभक्ति में डूबी धनपुरी





श्रावण मास के अंतिम सोमवार को नगर के शिवालयों में आस्था की अविरल धारा बहती नजर आई।

**हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।**

मां ज्वालामुखी मंदिर परिसर स्थित भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा-अर्चना बड़े श्रद्धाभाव से की गई। हर वर्ष की तरह इस बार भी भगवान शिव शंकर का दुग्धाभिषेक, बेल पत्र अर्पण एवं विशेष पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण रहा। मंदिर समिति द्वारा आयोजित इस आयोजन में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी।पूजन का सौभाग्य समिति के महेंद्र सिंह पवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर समिति के सदस्य आकाश मिश्रा, द्वारिका विश्वकर्मा, वार्ड पार्षद स्कंद सोनी, काशी और पूरन जी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। पूजा उपरांत भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।नगर के मंदिरों में अलसुबह से लगी श्रद्धालुओं की कतारें नगर के खेर माता मंदिर, मडिया मंदिर, विलियम नंबर एक शिव मंदिर और श्री राधा कृष्ण मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में सोमवार तड़के से ही श्रद्धालु जल कलश लेकर पहुंचने लगे। महिलाओं, युवाओं व बच्चों ने पूरे उत्साह से भगवान शिव का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भगवान शिव की आराधना करते हुए श्रद्धालु 'ॐ नमः शिवाय' और 'हर-हर महादेव' के जयकारे लगाते दिखे।लखवारिया धाम में कावड़ यात्रियों की गूंज, शिवभक्ति में डूबा माहौलसावन के पावन अवसर पर लखवारिया मंदिर में भी भक्तों का भारी जमावड़ा रहा। दूर-दराज से पहुंचे कावड़ यात्रियों ने गंगाजल से भगवान शंकर का अभिषेक कर मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और शिव आराधना का भव्य दृश्य देखने को मिला। संगीतमय शिव भजनों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।भंडारे में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब लखवारिया धाम में समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। महिलाएं, पुरुष, वृद्ध और बच्चे बड़े अनुशासन से पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण करते नजर आए। श्रद्धा और सेवा का यह अद्भुत संगम पूरे आयोजन को विशेष बना गया।पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद पूरे आयोजन को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी। हर मंदिर परिसर और मार्गों पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था भी सुचारु रूप से संचालित की गई। सावन के इस अंतिम सोमवार ने साबित कर दिया कि आस्था अगर सच्ची हो, तो ईश्वर भी प्रसन्न हो जाते हैं। शिवभक्तों की श्रद्धा ने धनपुरी को भक्ति के सागर में डुबो दिया।

### प्रतिष्ठा ने राज्य स्तरीय लाठी प्रतियोगिता में दो स्वर्ण पदक जीतकर बरगवां अमलाई का नाम किया रोशन



**अमलाई।**

स्थानीय क्षेत्र की होनहार बालिका प्रतिष्ठा मिश्रा ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।02 अगस्त को उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय एक लाठी एवं दो लाठी प्रतियोगिता में अंडर-8 बालिका वर्ग में प्रतिभाग करते हुए प्रतिष्ठा ने दोनों ही स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही उसने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी जगह भी सुनिश्चित कर ली है।प्रतिष्ठा की इस उपलब्धि से शहडोल संभाग सहित बरगवां अमलाई क्षेत्र में खुशी की लहर है। क्षेत्रवासियों और परिजनों ने प्रतिष्ठा को ढेरों शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।गौरतलब है कि इतनी कम उम्र में राज्य स्तर पर दो स्वर्ण पदक जीतना न सिर्फ खेल के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणा है।

### सैकड़ों ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन पत्र

**उमरिया।** जिले के पाली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत घुनघुटी के ग्राम गिठौरी निवासी सैकड़ों आदिवासी ग्रामीण कल सोमवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया व प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री, वन मंत्री, कमिश्नर, कलेक्टर सहित एसडीएम के नाम ज्ञापन पत्र सौंपा, साथ ही मांग पूरी न होने की दशा में उग्र आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो, सडक़ जाम करेंगे ज्यादा हुआ तो जान भी दे देंगे। गीठौरी के ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी ग्राम गिठौरी पोस्ट घुनघुटी तहसील पाली जिला उमरिया के निवासी है। इन्होंने बताया कि हमारा वर्ष 1954-55 का पुराना खसरा नं. 42 है जो लगभग 58 एकड़ भूमि है हमें यह भूमि 1959 में पूर्व शासन द्वारा दी गई थी जिस पर वर्ष 1953 में राजस्व रिकार्ड के अनुसार यह भूमि कास्त काबिज है व वर्ष 1979 में वन विभाग के द्वारा उदघोषणा पत्र के माध्यम से हम ग्रामवासियों को यह भूमि दिया गया था जिसमें हम ग्रामवासीयों के द्वारा पुस्तैनी रूप से काबिज कास्त होकर खेती कर रहे है।

# वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई तहसील बुढार एवं धनपुरी का हरियाली तीज महोत्सव

**धनपुरी।**

वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई तहसील बुढ़ार एवं धनपुरी की ओर से हरियाली तीज महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। तहसील अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता गुप्ता ने आरती खंडेलवाल जी के गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों की राधा-कृष्ण झांकी से हुई। इसके बाद बहनों ने झूले झूलते हुए सावन के गीतों पर सुर-लय-ताल के साथ उत्साह और उमंग से गीत गाए और एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं व बधाइयां दीं। महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं और गेम्स भी आयोजित किए गए, जिसमें बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। हरियाली क्वीन प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण रहा, जिसमें प्रिति केसरीवानी



विजेता बनीं। धनपुरी नगर इकाई अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल व बुढ़ार नगर इकाई अध्यक्ष लता सोनी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुमन गुप्ता व डॉ. आशा जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही शैला गुप्ता, आरती खंडेलवाल, शशि ताम्रकार, किरण सिंघानिया, अंजू अग्रवाल, प्रतिमा जैन, विनीता जायसवाल, रजनी जैन, साधना अग्रवाल, भारती अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, आरती अग्रवाल आशु जैन, समता मोदी, अंजना केसरीवानी, सीमा राय, गुड्डी, पिस्ता, सपना, सरोज, प्रिति केसरीवानी सहित दर्जनों बहनों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ इस पारंपरिक तीज पर्व में भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति को सहेजना, बहनों में आपसी समरसता बढ़ाना और नई पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ना रहा। आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन आगे भी समय-समय पर किए जाते रहेंगे।

### ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# स्कूल संस्थापक, एसईसीएल के जीएम और परिजन हुए शामिल

**शहडोल।**

अनूपपुर जिले के कोतमा स्थित ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के छात्रों मैं लीडरशिप और समाज और राजनीति संचालन और सही दिशा निर्धारण की तालीम देने के लिए छात्र परिषद का गठन किया गया। ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में लोकतांत्रिक तरीके से छात्र परिषद के चुनाव संपन्न कराए गए और उसके बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन कर छात्र छात्रों में लीडरशिप क्षमता को बढ़ाने के लिए नए आयाम स्थापित किए गए हैं। सोमवार 4 अगस्त को जमुना कोतमा क्षेत्र सीसीएल के बंकिम बिहार सभागार में छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, शपथ ग्रहण समारोह के साथ-साथ कल्चरल प्रोग्राम भी हुए जिसमें छात्र-छात्राओं ने संस्कृति और समाज को प्रेरणा देने वाले संगीत की धुन पर नृत्य और गायन कक्कड़ का आयोजित हुआ,एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के जीएम, ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल के संस्थापक और चार्टर्ड अकाउंटेंट के साथ-साथ छात्रों के परिजन कार्यक्रम में शामिल होकर छात्रों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ छात्रों में लीडरशिप बढ़ाने के लिए अपने-अपने आशीर्वचन वक्तव्य के माध्यम से दिए।

**छात्रों के नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के लिए जरूरी छात्र परिषदः श्री त्रिपाठी**

जमुना कोतमा क्षेत्र के एसईसीएल के जीएम श्री एमके





त्रिपाठी ने कहा कि छात्र परिषद का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और टीम भावना का विकास करना है, साथ ही छात्रों को स्कूल की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपनी बात रखने का अवसर प्रदान करना है. छात्रों को विभिन्न पदों पर रहकर नेतृत्व करने का अवसर प्रदान करना, छात्रों को अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उन्हें सही तरीके से निभाने के लिए प्रोत्साहित करना के साथ छात्रों को एक टीम के रूप में काम करने और एक-दूसरे का सहयोग करने के लिए प्रेरित करना, श्री त्रिपाठी ने कहा कि छात्रों को अपनी राय व्यक्त करने और स्कूल प्रशासन तक अपनी बात पहुंचाने का मंच प्रदान करना। छात्रों को स्कूल की गतिविधियों, जैसे कि खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, आदि में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। छात्रों को सामाजिक कार्यों में भाग लेने और समुदाय की सेवा करने के लिए प्रेरित करना।

**इन छात्रों ने ली छात्र परिषद की शपथ**

छात्र परिषद में हेड गर्ल स्नेहा मिश्रा, डिप्टी हेड नितिन सिंह, कल्चरल कैप्टन दिवेश गुप्ता, डिसिप्लिन कैप्टन आर्यन तोमर, इको क्लब कैप्टन श्रुति मार्को, स्पोकन इंग्लिश कप्तान शेख जीनत, के साथ ग्रीन और येल्लो हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन के साथ-साथ अन्य लोगों ने छात्र-छात्राओं के साथ छात्र परिषद की जिम्मेदारी को संभालने की शपथ ली है। शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम में स्कूल के संस्थापक, प्राचार्य स्टूडेंट और छात्रों के परिजन शामिल हुए। वही आने वाले स्वतंत्रता दिवस की भी शुभकामनाएं दी गई है।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा शहडोल

**भव्य कावड़ यात्रा का नगर में हुआ स्वागत**

**शहडोल।** सावन मास के चतुर्थ सोमवार को नगर में शिवभक्तों के जागरूकता और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। हिंदू जन जागरण समिति के तत्वावधान में विराटेश्वर महादेव बाणगंगा मंदिर से निकली भव्य कावड़ यात्रा ने नगर के हर कोने को हर-हर महादेव और जय शिव शंभू के उद्घोष से गुंजायमान कर दिया। यात्रा की शुरुआत मंदिर में मंत्रोच्चार, पूजन और आरती के साथ हुई। ढोल-नगाड़ों, डीजे की भक्ति धुनों और शिव की जीवंत झांकियों के साथ निकली इस यात्रा में भूतों की टोली, शिव बारात,झूमते-गाते कावडिय़े आकर्षण का केंद्र रहे।

**भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत**

यात्रा का नेतृत्व कर रही भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा कार्यकर्ताओं संग बाणगंगा मंदिर पहुंची, जहाँ उन्होंने शिव आरती व पूजन कर यात्रा को शुभकामनाएं दीं। न्यू गांधी चौक पर उन्होंने कावडिय़ों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों कोटमा तिराहा, बलपुरवा न्यू बस स्टैंड, बुढ़ार चौक, गुरु नानक चौक, पुराना नगर पालिका चौक, अंबेडकर चौक, जयस्तंभ चौक, पाली रोड से होते हुए बूढ़ी माता मंदिर पहुँची। पूरे मार्ग पर नागरिकों और व्यापारियों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत, पुष्प वर्षा और ठंडे जल एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं ने भंडारों के माध्यम से सेवा में सहभागिता निभाई।

## श्रीराम जानकी मंदिर बुढार के महंत श्रीराम बालक दास जी महाराज का करूणान्त - श्रद्धालुओं में शोक व्याप्त

# नगर में आज निकलेगी अंतिम दर्शन यात्रा प्रयागराज में होगी जलसमाधि

**बुढार।**

बुढार नगर के सुप्रसिद्ध श्रीराम जानकी मंदिर के महंत श्रीराम बालक दास जी महाराज का सोमवार को असमय करुणान्त हो गया और आज 5 अगस्त को श्रीराम जानकी मंदिर से पूज्य महंत जी को सुसज्जित वाहन में विराजित कर प्रातः 7 बजे श्रद्धालुजनों के अंतिम दर्शन हेतु दर्शन यात्रा बुढार नगर निकाली जायेगी जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुये प्रयागराज पहुंचेगी जहां विधि-विधान पूर्वक महंत श्री का जलसमाधि संपन्न कराया जायेगा।

श्रीराम जानकी मंदिर के पूज्य महंत श्रीराम बालक दास जी महाराज के करूणान्त का समाचार नगर तथा आस-पास के धर्म प्रेमियों व श्रद्धालुओं को जैसे ही मिला उनमें शोक की लहर व्याप्त हो गई और अपरान्ह से लेकर देर रात्रि तक प्रिय पूज्य महंत श्री के दर्शन हेतु श्रद्धालु जनों का सैलाव मंदिर में उमड़ पड़ा और नम आंखों से पूज्य महंत श्री के चरणों में पुष्प अर्पित कर श्रद्धालु धर्म प्रेमी श्रद्धा सुमन अर्पित किये। महंत श्रीराम बालक दास जी महाराज 60 वर्ष के थे। श्रीराम जानकी मंदिर बुढार से महंत श्री को प्रयागराज (इलाहाबाद) ले जाया जायेगा जहां उनकी जलसमाधि विधि-विधान पूर्वक की जायेगी। महंत श्रीराम बालक दास जी महाराज का पार्थिव शरीर दर्शनार्थ सुसज्जित वाहन में विराजित कर आज 5 अगस्त को प्रातः 7 बजे मंदिर से निकला जायेगा जो रेल्वे मार्केट, मेन मार्केट, पं. दीनदयाल चौक, बनियान टोला, जैतपुर



चौक होते हुये 9 बजे बुढार विश्रामगृह के निकट पहुंचेगी जहां श्रद्धालु धर्म प्रेमी धर्म ध्वजा फहरानें वाले परम पूज्य का अंतिम दर्शन कर अपनी विनम्र श्रद्धा सुमन अर्पित कर यहां से प्रयागराज के लिये उन्हें विदा करेंगे। श्रीराम जानकी मंदिर के तत्कालीन महंत स्वामी श्री नारायण दास शास्त्री जी महाराज के छत्रछाया में सन 1980-81 में वर्तमान महंत का बुढार पदार्पण हुआ और स्वामी जी



के आशीर्वाद से सन 1995 में श्रीराम जन्मभूमि के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूज्य महंत श्री नृत्य गोपाल दास जी महाराज छोटी छावनी (अयोध्या) द्वारा विधि विधान पूर्वक श्रीराम जानकी मंदिर के महन्ती का दायित्व श्रीराम बालक दास जी महाराज को स्वामी श्री नारायण दास जी के उत्तराधिकारी के रूप में प्रदत्त किया गया तब से लेकर वर्तमान समय तक महंत श्रीराम बालक दास जी महाराज




मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रमों को संपादित कराते रहे और नगर के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु जनों व भक्तों में अति प्रिय रहे। महंत श्रीराम बालक दास जी सहज, सरल एवं धर्म के क्षेत्र में अलख जगयी ऐसे पूज्य महंत जी के अवसान से नागरिकों, व्यवसायियों व स्नेहियों में गहरा दुःख व्याप्त है, जो नगर के लिये अपूर्णीय है।

## खबर संक्षेप

### अंतिम सोमवार अमरकंटक-शहडोल मार्ग के ज्वालेश्वर तिराहे में लगा भारी जाम



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार के अवसर पर अमरकंटक से शहडोल मुख्य मार्ग पर स्थित ज्वालेश्वर मंदिर तिराहे पर भारी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। लगभग 2 से 3 किलोमीटर लंबी वाहनों की कतारें लगी हुई थी जिससे श्रद्धालु, तीर्थ यात्री एवं आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहन चालकों को गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण यह जाम घंटों बना रहा। मौके पर उपस्थित पुलिसकर्मी ट्रैफिक नियंत्रण में असक्षम नजर आये जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त था।

### जिले में 1.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 1.4 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र जैतहरी में 11 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर, कोतमा, बिजुरी, वेंकटनगर, पुष्पराजगढ, अमरकंटक तथा बेनीबारी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 7 को

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में 07 अगस्त 2025 को प्रातः 11 बजे से किया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अपर जिला दण्डाधिकारी अनूपपुर ने सर्व संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित होने को कहा है।

### रेडक्रास सोसाइटी के सचिव बनाए गये डॉ. देवेन्द्र कुमार तिवारी



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पीआएटी कालेज सीरीज के संचालक डॉ. देवेन्द्र कुमार तिवारी को रेडक्रॉस सोसायटी शाखा अनूपपुर का सचिव बनाया गया है। कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला रेड क्रॉस सोसायटी अनूपपुर द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार कार्य व्यवस्था बनाए रखने के लिये अनूपपुर निवासी डा देवेन्द्र कुमार तिवारी को रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा अनूपपुर का सचिव नियुक्त किया जाता है। श्री तिवारी की नियुक्ति पर शुभचिंतकों ने उन्हे शुभकामनाएं दी है।

## भ्रष्टाचार की कहानी, मंदिर के पुजारी की जुबानी

# आस्था की आड़ में लूट का खेल



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/जमुना।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल का जमुना-कोतमा क्षेत्र अब सिर्फ एक औद्योगिक यूनिट नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार की सार्वजनिक प्रयोगशाला बन चुका है। महारत्न का तमगा इनकी गर्दन में है, लेकिन ज़मीन पर सड़ांध, गंदगी और अंधेरगर्दी है।

### मंदिर निर्माण में भी रिश्तेदारी का ठेका, अफसर मौन

सिविल विभाग का हाल ये है कि उसे अब सफाई की फिक्र नहीं, छतों की मरम्मत की चिंता नहीं और जनता के पीने के पानी से कोई सरोकार नहीं कॉलोनियों में ज़िंदगी अब नरक में तब्दील हो चुकी है गलियों में बजबजाती नालियां, मकानों की रिसती छतें और कुछ तो ऐसे मकान हैं जहां छतों पर पीपल के पेड़ उग चुके हैं यानी अब लोगों के सिर पर छत नहीं, जंगल उग आए हैं लेकिन विभाग और उसके अफसर ऐसे सोए हैं जैसे हर सुबह रिश्वत से ही जागते हों अफसरों की आंखें बंद हैं और ठेकेदारों की जेबें खुली। सबसे घिनौनी तस्वीर काली मंदिर परिसर की है, जहां आस्था के नाम पर 18 लाख रुपये का परिक्रमा निर्माण कार्य दिखाया जा रहा है, लेकिन जब मौके पर जांच की गई, तो परिक्रमा का चबूतरा सिर्फ हल्के दबाव से भरभरा कर गिर गया यह कोई दुर्घटना नहीं, यह जनता की आंखों में धूल झोंकने का प्रमाण है। यह दर्शाता है कि निर्माण में सीमेंट से ज़्यादा रेत और ईमानदारी से ज़्यादा घपले की परतें भरी गई हैं। जिस कार्य की निगरानी पारदर्शिता से होनी चाहिए थी, वहां ठेकेदारी का पूरा धंधा रिश्तेदारी और मिलीभगत में बंट चुका है। ठेका दिया गया रवि तिवारी को और फिर आधा काम उनके साले शारदा मिश्रा को थमा दिया गया क्या अब एसईसीएल में टेंडर पारिवारिक संबंधों की थाली में परोसे जाते हैं? क्या सिविल विभाग की फाइलों में 'रक्त संबंध' ही योग्यता बन गया है। सिविल विभाग के एसओ सिविल पीके द्विवेदी और ओवरसीयर अमित जैसे अधिकारी इस पूरे घोटाले के 'मुख्य रचयिता' हैं, जो जिम्मेदारी के नाम पर सिर्फ कुर्सी गरम कर रहे हैं ये अफसर अब विभाग के सेवक नहीं, बल्कि ठेकेदारों के 'सुविधा प्रबंधक' बन चुके हैं इनकी चुप्पी को अब चुप्पी नहीं, बल्कि संगठित मिलीभगत की सहमति माना जाना चाहिए। कर्तव्य था कि कार्य की गुणवत्ता की निगरानी करें, वो खुद पूरे घटनाक्रम में 'चुप्पी का ठेका' लेकर बैठे हैं उनके लिए मंदिर सिर्फ़ बजट पास करने की जगह है, न कि श्रद्धा का स्थल वहीं ओवरसीयर की भूमिका तो और भी चिंताजनक है जिनके नाम पर सुपरविजन चलता है, वही आंखें मूंदे बैठे हैं ये अधिकारी जनता की आंखों में धूल झोंकने के विशेषज्ञ बन चुके हैं। मंदिर के पुजारी ने जो बताया, वो व्यवस्था की पोल खोलता है।

### भक्तों के लिए मूलभूत सुविधा तक नहीं

न शौचालय है, न मंच, भक्तों के लिए मूलभूत सुविधा तक नहीं, लेकिन विभाग फूल-पौधों में लाखों रुपये उड़ाने को तत्पर है यह वही विभाग है जिसे न श्रद्धा की कद्र है, न श्रद्धालुओं की सबसे हास्यास्पद बात यह है कि मंदिर परिसर की बाउंड्री वॉल तक टूटी हुई है, लेकिन एस्टीमेट में फूल-पौधे लगाने का प्रावधान बना हुआ है ये फूल क्या सुरक्षा बल तैनात करेंगे? किस मूर्खता की पराकाष्ठा है ये? सच तो ये है कि यह कोई योजना नहीं, यह खुला फर्जीवाड़ा है। जब शारदा मिश्रा से पूछा गया तो उन्होंने सफाई दी कि उन्हें कम बिलों में मिला है। सवाल उठता है कि क्या अधूरे भुगतान पर घटिया निर्माण वैध हो जाता है? क्या अब सरकारी पैसे से आस्था का अपमान ही होता रहेगा? क्या सिविल विभाग की जिम्मेदारी सिर्फ रिश्ता निभाना और बिल पास कराना रह गया है। यह पूरा मामला उन अफसरों की नैतिक और प्रशासनिक हत्या है जो अपने पद का उपयोग जनता के लिए करना भूल चुके हैं ये वे अधिकारी हैं जिन्होंने नालियों की दुर्गंध, गिरती छतों और जर्जर मंदिर मंचों की चीखों को अनसुना कर सिर्फ़ कमीशन की खनक सुनी। इन अफसरों की कुर्सियां अब जांच की नहीं, सस्पेंशन की मांग कर रही हैं अगर अब भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती, तो ये साबित होगा कि एसईसीएल के शीर्ष अधिकारी भी इसी घोटाले की छाया में खामोशी की घूंटी पी चुके हैं। एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक को चाहिए कि वह तुरंत इस गंदगी को साफ करे, नहीं तो जमुना-कोतमा में भ्रष्टाचार की बदबू बहुत दूर तक फैलेगी। अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मंदिर और कॉलोनियां गवाही देंगे उस व्यवस्था की जो अब खुद भगवान से भी ज़्यादा अपने टेंडर से प्रेम करती हैं।

### इनका कहना है

हमने कई बार ठेकेदार को हिदायत दी है कि वह अच्छा काम करे, लेकिन वह सुनने को तैयार नहीं है। यहां तक कि हमारे बड़े अधिकारी आकर बोल गए हैं कि काम जल्दी पूरा करो लेकिन ठेकेदार सुनने को तैयार नहीं है। आपको जो लिखना पढ़ना हो लिखिए रही बात रनिंग बिल देने की तो ठेकेदार पूरा काम करेगा तो उसे पूरा पेमेंट मिलेगा और बाउंड्री वॉल का निर्माण भी शीघ्र कराया जाएगा।

**अमित ओवरसीयर**
**कोतमा गोविंदा क्षेत्र**

परिक्रमा का निर्माण गुणवत्ता विहीन हो रहा है तो मैं उसे तत्काल दिखवाता हूं।

**पीके द्विवेदी, एसओ सिविल**
**जमुना कोतमा क्षेत्र**

हमने काम पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर लिया है और यह ठेका 50 प्रतिशत बिलो में है कितना अच्छा काम होगा और साथ ही प्रबंधन हमारा रनिंग बिल भी नहीं दे रही है।

**शारदा मिश्रा पेटी कॉन्टैक्टर**
**जमुना कोतमा क्षेत्र**

## अवैध शराब के खिलाफ कोतमा पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही



### दो वाहनों सहित 119 लीटर शराब ज़ुप्त

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अवैध शराब, गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थ बैचने वाले व्यक्तियों एवं अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश जारी कियें हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी तथा एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतमा निरी. रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में कोतमा पुलिस द्वारा दिनांक 03.8.25 को मुखबिर की सूचना पर दो अलग अलग जगहों पर अवैध शराब बैचने ,रखने एवं परिवहन करने वालों पर बड़ी कार्यवाही की गई है। 03.08.25 को थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि नीरज गुप्ता उर्फ शंशाक निवासी बनियाटोला का अपने घर में भारी मात्रा में अंग्रेजी एवं देशी अवैध शराब बिक्री करने हेतु ऱखा है। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी कोतमा द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर नीरज उर्फ शंशांक गुप्ता निवासी बनिया टोला कोतमा के घर पर रेड कार्यवाही कर चार खाखी रंग के कार्टूनो में 190 पाव देशी प्लेन शराब, एक खाखी रंग के कार्टून में रायल स्टेग अंग्रेजी शराब 21 पाव, एक खाखी कार्टून में मैजिक मोमेन्ट अंग्रेजी शराब 48 पाव, एक कार्टून में मैकडावल नम्बर 01 अंगेजी शराब 12 पाव, एक कार्टून मे 14 पाव ब्लू चीप रायल व्हीस्की अंग्रेजी शराब एवं पन्नियों में पावर 1000 सुपर स्ट्रांग बीयर 54 केन कुल शराब देशी, अंग्रेजी एवं बीयर 78.300 लीटर कीमती करीब 42000 रूपये की एवं उक्त शराब परिवहन कियें जाने वाले वाहन क्रमांक सीजी 12 डी 9827 सेन्ट्रो कार कीमती करीब 200000 रूपये व आरोपी के पास से एक एन्ड्रायड मोबाईल करीब 7000 रूपये का कुल मशरूका करीबन 2,49000 रूपये का जप्त किया गया है। आरोपी शंशाक गुप्ता उर्फ नीरज गुप्ता से उक्त शराब रखने व विक्रय करने संबंध में पूछताछ करने पर राजू कुमार अग्रहरी निवासी बुढ़ार का नाम बताने पर आरोपी नीरज गुप्ता उर्फ शंशाक पिता स्व.श्यामलाल गुप्ता निवासी बनिया टोला कोतमा एवं राजू कुमार अग्रहारी पिता हरिहर प्रसाद निवासी जामपानी थाना विदम जिला सोनभद्र (उ.प्र.) हाल पुरानी बस्ती शहड़ोल को भी धारा 34(2) अबकारी एक्ट में गिरफ्तार कर विवेचना की जा रही है। दूसरी कार्यवाही में 3 अगस्त को ही मुखबिर से मिली सूचना पर बूढ़ी दाई मंदिर के पीछे, बनिया टोला कोतमा से घेराबंदी कर रेड़ कार्यवाही की जाकर बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 21सीए 7966 से विजय कुमार यादव पिता राजकुमार यादव निवासी वार्ड 09 कल्याणपुर कोतमा, जोन्टी उर्फ निखिल सोनी पिता संतोष कुमार सोनी निवासी वार्ड क्र0 07, बनिया टोला कोतमा के संयुक्त कब्जे से सफेद रंग की केनों मे 40 लीटर देशी महुआ शराब कीमत करीबन 5200 रूपए जप्त कर धारा 34 (1) अबकारी एक्ट में कार्यवाही की गई एवं शराब परिवहन कर रहे बोलेरो वाहन क्र एमपी 21सीए 7966 कीमती 500000 को भी मौके से जप्त किया गया। उक्त कार्यवाहियों में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के साथ उप निरीक्षक अकबर खान, सहायक उपनिरीक्षक सुखीनंद यादव, प्रधान आरक्षक रामखेलावन यादव, दिनेश राठौर, ज्ञानेन्द्र पासी, कपिल उईके, आरक्षक मनोज उपाध्याय, अभय त्रिपाठी, महेश साहू, महिला आरक्षक पिन्की प्रजापति, चालक आरक्षक अनिल मरावी की मुख्य भूमिका रही।

### इनका कहना है

उच्च अधिकारियों के निर्देशन में नशे पर अंकुश लगाए जाने को लेकर तस्करों पर कार्यवाही की जा रही है। अभियान जारी रहेगा।

**रत्नांबर शुक्ल**
**थाना प्रभारी कोतमा**

## करौली शंकर महादेव धाम के भक्तों ने मनाया सावन का आखिरी सोमवार

### प्रसाद और सामग्री वितरित कर धाम के गुरुदेव का मनाया जन्म दिन



**हरिभूमि न्यूज राजनगर।** सावन के अंतिम सोमवार एवं करौली शंकर महादेव धाम के पूज्यनीय गुरुदेव के जन्मोत्सव के अवसर पर 4 अगस्त को करौली शंकर महादेव धाम के स्थानीय भक्तों, शंकर सेना के द्वारा पौराधार मुख्य पंडाल में शिवलिंग पर जलाभिषेक कर एवं विभिन्न बस्तियों में कार्यक्रम आयोजित कर भक्ति भाव के साथ सावन का अंतिम सोमवार एवं करौली शंकर महादेव धाम के गुरुदेव का जन्मदिन मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत शिव मंदिर मुख्य पंडाल पौराधार में एकत्रीकरण उपरांत शिवलिंग पर उपस्थित भक्तों ने जलाभिषेक कर किया। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले बैगान टोला पूर्णतया आदिवासी बस्ती, पॉवटोला, प्राथमिक विद्यालय डूमर कछार में बच्चों के मध्य, डूमरकछार स्थित नंदनवन में फलदार पौधे लगाकर वृक्षारोपण कर, अति पिछड़ी आदिवासी समाज की बस्ती कुड़कु (कोडाकू) दफाई, सफाई मित्र कोलानी पौराधार, मिडिल एवं हाई स्कूल पौराधार में प्रसाद,अन्य सामग्री एवं स्टेशनरी का वितरण भक्तों के द्वारा किया गया। आदिवासी एवं पिछड़ी बस्तियों में पहुंचकर मजदूरों के बीच दरबार के भक्तों ने कपड़े, मिष्ठान, फल, बच्चियों के लिए श्रृंगार की सामग्री एवं छात्रों के लिए स्टेशनरी और कलम बाट कर, केक का वितरण कर बड़े ही धूमधाम से कार्यक्रम को भक्ति भाव के साथ मनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में करौली शंकर महादेव धाम के भक्त और शंकर सेना के संभागीय अध्यक्ष डॉ.सुनील कुमार चौरसिया एवं हनी चौरसिया का विशेष योगदान रहा साथ ही दरबार के भक्तों ने पूरे कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## कोई अन्वेषण नवीन कानून लागू होने के पूर्व लंबित है तो ऐसे निपटाया जाये जैसे नवीन संहिता लागू ही नहीं हुई है

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल ने आदेश करते हुये कहा कि कोई अन्वेषण नवीन कानून लागू होने के पूर्व लंबित है या चल रहा है तो ऐसे निपटाया जायेगा जैसे नवीन संहिता लागू ही नही हुयी है। बी.एन.एस.एस. की धारा 531 उपधारा 2ए लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि घटना से सबंधित प्रथम सूचना रिपोर्ट थाना कोतवाली अनूपपुर में दिनांक 17-08-2022 को धारा 420)34)467)468)471 भारतीय दंड संहिता में आरोपी सोमचंद्र मिश्रा एवं आरती केशरवानी के विरूद्व दर्ज करायी गयी, जिसमें घटना की अवधि दिनांक 30-08-2021 से 11-11-2021 के मध्य की बतायी गयी। प्रकरण में समस्त विवेचना की कार्यवाही बीएनएसएस लागू होने के पूर्व की जाकर अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय के समक्ष दिनांक 29-07-2024 के अर्थात बीएनएसएस लागू होने के लगभग 28 दिन बाद पेश किया गया। प्रकरण का विचारण मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा बीएनएसएस के प्रावधानों के अनुसार किया जाने लगा इसलिये अभियोजन द्वारा विचारणीय न्यायालय के समक्ष इस आशय की आपत्ति प्रस्तुत की गयी कि उक्त अपराध बीएनएसएस लागू होने के पूर्व किया गया है इसलिये इसका विचारण दण्ड प्रक्रिया के अंतर्गत होगा इस अपराध में कुछ धाराओं का विचारण सत्र न्यायालय किया जाना है। मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा अभियोजन के आवेदन को निरस्त कर दिया गया जिससे व्यथित होकर अभियोजन ने इस आदेश का रिवीजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के न्यायालय में क्रिमिनल रिवीजन प्र0क्र0 सीआरआर नं 22/2025 शासन बनाम सोमचंद्र मिश्रा वगैं0 प्रस्तुत किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने रिवीजन की सुनवाई की और शासन की और पैरवी कर रहे लोक अभियोजक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा द्वारा रखे गए तर्कों, बहस और माननीय उच्च न्यायालयों के न्याय दृष्टांत मनदीप सिंह विरूद्व कुलदीप कौर, क्रिशन जोशी बनाम राजस्थान राज्य एवं एम/एस के0जी0 माकेर्टिंग इण्डिया बनाम राशी संतोष सोनी एवं अन्य को देखते हुए साथ मामले की गम्भीरता एवं परिस्थितियों को देखते हुए शासन के रिवीजन को स्वीकार करते हुये निचली अदालत को आदेशित किया कि उक्त अपराध का विचारण दण्ड प्रकिया के संहिता के प्रावधानों के अनुसार किया जाना चाहिये।

## जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में लपटा के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया पहला स्थान




**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) अनूपपुर में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के115 विद्यालयों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता अंतर्गत प्रथम चरण के लिखित परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से 12 बजे के मध्य आयोजित किया गया, जिसमें से अधिक अंक प्राप्त श्रेष्ठ 6 टीम ने मल्टीमीडिया राउंड में अपना स्थान बनाया। क्विज मास्टर शिवदत्त पाण्डेय द्वारा मल्टीमीडिया राउंड कराया गया, जो 10 राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लपटा ने सर्वाधिक 410 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। लिखित परीक्षा में भी इन्होंने 100 में 82 अंक प्राप्त किया। दोनों में विद्यालय के विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सफल हुए। द्वितीय स्थान पर शासकीय मॉडल स्कूल अनुपपुर,तृतीय स्थान पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनुपपुर रहे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले सभी टीम को मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से 3 दिन 2 रात के लिए मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थल का भ्रमण करने का अवसर प्राप्त हुआ। चौथे स्थान पर शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनुपपुर, पांचवे स्थान पर अशासकीय विद्यालय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी एवं छठवें स्थान पर बालभारती पब्लिक स्कूल जैतहरी रहे। इन्हें मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से 2 दिन 1 रात के लिए मध्यप्रदेश की किसी भी पर्यटन स्थल के भ्रमण का अवसर प्राप्त होगा। सभी टीम ने मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से पुरस्कार में मेडल एवं भ्रमण के लिए कूपन प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी टी. आर आर्मो, सहायक संचालक ओमकार सिंह धुर्वे, एम पी टी हॉलीडे होम्स अमरकंटक के प्रबंधक अतुल अस्थाना, पर्यटन प्रबंधक अजय अग्रवाल, एडीपीसी रमसा एवं नोडल देवेश सिंह, एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य मुलायम सिंह परिहार उपस्थित थे।



## समस्याओं के निराकरण के लिए बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव एवं अतिरिक्त संयुक्त महामंत्री राजेश खोबरागड़े के नेतृत्व में सहायक मंडल अभियंता मनेंद्रगढ़ अजय कुमार गुप्ता के साथ मजदूर कांग्रेस करंजी विश्रामपुर शाखा क्षेत्र के रेल कर्मचारियों के समस्या निराकरण करने हेतु अनौपचारिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में करंजी शाखा अध्यक्ष मनीलाल राजवाड़े, सचिव पप्पू सिंह, कोषाध्यक्ष डी के पाल, सहायक सचिव अभिलाष कुमार, आलोक कुमार शामिल रहे। बैठक में अंबिकापुर, विश्रामपुर, करंजी, बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़, बिजुरी, कोतमा, हरद, मौहरी आदि स्टेशन व रेलवे कालोनी में आवास मरम्मत, सड़क, पानी सप्लाई आदि समस्याओं पर चर्चा हुई। बैठक में यह निर्णय लिया गया की वर्ष 2025 -26 के जोनल वर्क से कालोनी में विकास कार्य करने हेतु करंजी, मनेंद्रगढ़, अनूपपुर के एकल मान्यता प्राप्त संगठन के साथ संयुक्त सर्वे कर प्रथमिकता तयकर रेलवे कालोनी में विकास के कार्य कराएं जाएंगे। साथ ही सर्वे कराकर महत्वपूर्ण रेलवे कालोनी में चिल्ड्रन पार्क अन्य सुविधाएं दी जाएंगी, मनेंद्रगढ़ के रेल संस्कृति भवन हेतु कार्मिक विभाग बिलासपुर द्वारा 7 लाख रुपए मंजूर किए गए उक्त मनेंद्रगढ़ संस्कृत भवन में सुधार कर रेल कर्मचारियों को शादी व सामाजिक धार्मिक कार्यों को करने हेतु रेल कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाएगा।